पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांक: 16523

दिनांक : 04/03/23

प्रेस विज्ञप्ति

तृतीय दीक्षान्त समारोह 31.03.2023

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तृतीय दीक्षान्त समारोह का विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 31.03.2023 (शुक्रवार) को माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल, राजस्थान की अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वर्ष 2019 एवं 2020 की परीक्षाओं में प्रथम वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं को उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्रदान किये जायेंगे।

उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्राप्ति के लिए दीक्षान्त समारोह में पात्र छात्र/छात्रायें, अपने स्नातक/स्नातकोत्तर की अंतिम वर्ष की अंकतालिका की प्रमाणित छायाप्रति एवं वैध फोटो पहचान पत्र (ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड इत्यादि) दिनांक 25.03.2023 को सांय 04:00 बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध प्रपत्र में सहमति हेतु आवेदन–प्रपत्र भरकर प्रस्तुत करें।

समारोह में पात्र छात्र छात्राओं को निर्धारित ड्रेस कोड में आवेदन–प्रपत्र के अनुसार अपने स्वयं की फोटो आईडी भी लाना अनिवार्य होगा। उक्त दिनांक के पश्चात किसी भी छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा।

डिग्री/मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिये ड्रेस कोड निम्नानुसार है:–

1. पुरूष : सफेद रंग का पेन्ट –शर्ट/कुर्ता–पायजामा/धोती–कुर्ता एवं काले जूते।
2. महिलाः सफेद रंग की साड़ी/सलवार–सूट मय मैरून रंग का बॉर्डर और ब्लाउज/चुन्नी/दुपट्टा तथा काले सेन्डल।

कुलसचिव